# Code No. 1004

**CLASS : 11th** (Eleventh) **Series : 11-M/2019**

रोल नं० : ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

## हिन्दी (ऐच्छिक)

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में सबसे ऊपर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*** *कुछ प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम एवं शून्य अंक देकर दण्डित किया जाएगा।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***सही*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(i) कबीर के अनुसार 'कामिन' को कौन प्यारा है ?

(क) बाबुल (ख) बालक

(ग) बालम (घ) बाला

(ii) सूरदास के अनुसार 'गुपाल' को कौन 'भावति' है ?

(क) राधा (ख) मुरली

(ग) सखी (घ) यशोदा

(iii) 'रसविलास' किसकी रचना है ?

(क) पद्‌माकर (ख) सूरदास

(ग) कबीरदास (घ) देव

(iv) सावन में क्या 'सुहावनो' लगता है ?

(क) झूलिबो (ख) मोरन को सोर

(ग) मेह बरसावन (घ) भौंरन को गुंजन

(v) 'संध्या के बाद' कविता में हुआँ-हुआँ' कौन कर रहे हैं ?

(क) गधे (ख) बिलाव

(ग) सियार (घ) गीदड़

(vi) कवयित्री 'साँसों का नव' क्या चुनने के लिए कहती है ?

(क) अंकुर (ख) अंकन

(ग) स्पंदन (घ) अंगार

(vii) दुःस्वप्नों से अधिक भयावह क्या है ?

(क) यम (ख) गम

(ग) तम (घ) धन

(viii) 'कुवलय' कौन-सा कमल है ?

(क) नीला (ख) गुलाबी

(ग) सफेद (घ) पीला

**2.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

(क) साँसनि ही सौं समीर गयो अरु,
आँसुन ही सब नीर गयो ढरि।
तेज गयो गुन लै अपनो,
अरु भूमि गई तन की तनुता करि।।

(ख) जागृति नहीं अनिद्रा मेरी,

नहीं गई भव-निशा अँधेरी !

अंधकार केन्द्रित धरती पर,

देती रही ज्योति चकफेरी !

**3.** महादेवी वर्मा ***अथवा*** धूमिल के जीवन, रचनाओं और काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

**4.** निम्नलिखित पंक्तियों का काव्य-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए। 4

बंद हुआ क्रंदन, फिर उनमें

उस महान सरवर के तीरे

शैवालों की हरी दरी पर

प्रणय-कलह छिड़ते देखा है।

**अथवा**

चाहत उठ्योई उठि गई सो निगोड़ी नींद,

सोए गए भाग मेरे जानि वा जगन में।

**5.** पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 4 = 8$

(क) कबीर ने किस राह की ओर संकेत किया है ?

(ख) 'हँसी की चोट' सवैये के आधार पर विरहिणी की कृशता का वर्णन कीजिए।

(ग) 'संध्या के समय सौ मुखो वाला' किसे और क्यों कहा गया है ?

(घ) कस्तूरी मृग के अपने पर ही चिढ़ने का क्या कारण है ?

**6.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए विकल्पों में से ***एक*** सही विकल्प चुनकर लिखिए : $1 \times 8 = 8$

(i) ईदगाह का गाँव से कितने कोस का पैदल रास्ता है ?

(क) दो (ख) तीन

(ग) चार (घ) पाँच

(ii) सिद्धेश्वरी के सबसे छोटे बेटे का क्या नाम था ?

(क) रामचंद्र (ख) मोहन

(ग) राकेश (घ) प्रमोद

(iii) 'गूँगे' कहानी का लेखक कौन है ?

(क) प्रेमचंद (ख) रांगेय राघव

(ग) मोहन राकेश (घ) हरिशंकर परसाई

(iv) ज्योतिबा फुले को महात्मा की उपाधि से कब सम्मानित किया गया ?

(क) 1888 में (ख) 1887 में

(ग) 1886 में (घ) 1885 में

(v) कौन जानता था कि सूबे सिंह शैतान है ?

(क) जसदेव (ख) असगर

(ग) सुकिया (घ) मोहना

(vi) 'नए की जन्मकुंडली : एक' पाठ में लेखक ने आज़ादी मिलने के बाद किसका उदय माना है ?

(क) समाजवाद (ख) साम्यवाद

(ग) जातिवाद (घ) सम्प्रदायवाद

(vii) रामलीला मंडली में किसका अभिनय करने से 'अपनी खबर' पाठ में लेखक को दस रुपये का इनाम मिला था ?

(क) राम (ख) भरत

(ग) लक्ष्मण (घ) शत्रुघन

(viii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र ने सब उन्नतियों का मूल किसे माना है ?

(क) नीति को (ख) रीति को

(ग) शासक को (घ) धर्म को

**7.** निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं ***एक*** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

(क) मैंने उसका दिल बँधाने की कोशिश की और मैं कर ही क्या सकता था ! मनुष्य के लिए यह स्वाभाविक ही है कि वह थोड़ी बहुत सांसारिक सफलता की इच्छा रखे। किन्हीं असावधान क्षणों में ही, उसने मुझसे कहा कि वह स्वयं भूल का एक नक्शा है। वरना वह ऐसा नहीं कहता।

(ख) वह लौटकर चूल्हे पर जा बैठी, जिसमें अंदर आग थी लेकिन उसी आग से वह सब पक रहा था जिससे सबसे भयानक आग बुझती है - पेट की आग, जिसके कारण आदमी गुलाम हो जाता है।

**8.** पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 4 = 12$

(क) 'बुढ़िया अमीना बालिका अमीना बन गई' - ऐसा क्यों कहा गया है ?

(ख) 'सूरज छाप' टार्च कहने में क्या व्यंग्य है ?

(ग) सांसारिक समझौते से लेखक का क्या आशय है ?

(घ) देश का रुपया और बुद्धि बढ़े, इसके लिए क्या करना चाहिए ?

**9.** ***अन्तराल (भाग – 1)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 3 = 6$

(क) वीना और श्याम में किस बात पर समझौता होता है ?

(ख) मकबूल ने अपने उस्तादों के साथ फोटो कैसे खिंचवाया ?

(ग) शरत् की सुरेन्द्र मामा से क्यों पटती थी ?

**10.** ***अन्तराल (भाग – 1)*** के आधार पर उत्तर दीजिए : 4

नाना के घर किन बातों का निषेध था, जिन्हे करना शरत् को प्रिय था ?

**अथवा**

राधा के चरित्र की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**11.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 5 = 15$

(क) संचार के विभिन्न तत्वों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

(ख) पत्रकारिता के चार प्रमुख प्रकार बताइए।

(ग) हरियाणा वित्त निगम में लिपिक के पद के लिए आवेदन-पत्र लिखिए।